एक नजर में

भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस मनाया

देवास। भारत स्वाभिमान की स्थापना दिवस के उपलक्ष में पतंजलि योग समिति जिला देवास में पतंजलि चिकित्सालय पर योग हुआ एवं हवन हुआ। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के सभी अनंत जोशी, मोहनलाल शर्मा, अजय मुकाती, प्रतीक शर्मा, मुकेश चौधरी, अनार सिंह, तेजू भाई, बंटी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

मास्टर माईंड अबेकस स्टेट लेवल में आदित्य ने जीती ट्रॉफी

देवास। सरदाना इंटरनेशनल में 4 जनवरी को आयोजित स्टेट लेवल मास्टर माईंड अबेकस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें लेवल 1 से 10 तक की प्रतियोगिता रखी गई। चैम्पियनशिप के 9 वें लेवल में डॉ. पोरवाल मास्टर माईंड अबेकस देवास के आदित्य कुमार पिता अरविंद कुमार सिंह ने स्टेट लेवल चैम्पियनशिप का खिताब जीता। चैम्पियनशिप में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश के 1000 बच्चों ने भाग लिया। आदित्य की उपलब्धि पर डॉ. पोरवाल मास्टर माइंड एकेडमी के डॉ. रजनीश पोरवाल, माधुरी पोरवाल एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

तीसरे दिन भी कोहरे की चादर में लिपटा रहा बागली क्षेत्र

बागली। 2026 के आगाज में पूरा क्षेत्र कोहरे की चादर में लपटा रहा विगत चार दिनों से बागली क्षेत्र में सुबह से शाम तक मुख्य मार्गों पर धुंध छाई रही वाहन चालक दिन में भी लाइट का उपयोग कर रहे हे खेतों के हालात और भी खराब है कोहरे के कारण आलू फसल एवं गेहूं फसल में संभावित नुकसान दिखाई दे रहा है। पहाड़ी क्षेत्र बरझाइ घाट पर कोहरे के कारण वाहन रेगं कर चले इसके चलते वाहनों का टाइम टेबल बिगड़ गया अधिकतर नागरिक घर में दुबके रहे बाजार में सन्नाटा दिखाई दिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दो-तीन दिन और भी कोहरा बना रहेगा।

राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिभा लगाएं युवा : गायत्री परिवार

देवास। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में देशभर में गुरु माता परम वंदनीया भगवतीदेवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष को मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है, इसी कड़ी में गायत्री परिवार की शाखा देवास द्वारा ग्राम राजोदा के 51 घरों में बड़ी श्रद्धा और संवर्धन के साथ गृह-गृह गायत्री यज्ञ संपन्न किए जिसका एक ही उदेश्य था 51 घरों को देव परिवार बनाना। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार को ग्राम राजोदा में बड़ी श्रद्धा से 51 घरों को गायत्री यज्ञ के माध्यम से देव परिवार बनाया गया स आयोजन की शुरुआत देव संस्कृति विश्वविद्यालय की देव कन्याएं दिव्या तांबडे, हर्षिता चौहान एवं वर्षा कुमारी ने श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा का पूजन अर्चन व दीप प्रज्जवलित कर ग्राम में जन जागरण रैली निकाली गई जिसमें जोरदार नशा मुक्ति के नारे लगाये गए जो लोगों को प्रभावित कर रहे थे स कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच बड़ी श्रद्धा से गायत्री साधकों और यज्ञमानों ने पूरे गांव में रैली निकाल कर गायत्री यज्ञ का संदेश दिया। रैली में प्रज्ञा गीतों की शानदार प्रस्तुति गायत्री शक्तिपीठ की देव कन्याओं एवं गायत्री परिवार के डॉ. रूपसिंह नागर, दिनेश चौधरी ने दी। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक हरिराम जिराती एवं युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने कहा कि वर्ष 2026 गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी है इसके अंतर्गत देशभर में बड़ी तैयारी चल रही है इसी के अन्तर्गत ग्राम राजोदा में 51 घरों में बड़ी श्रद्धा से पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ किए गए। गायत्री यज्ञ के माध्यम से यजमानों के जीवन में परिवर्तन कर उनके जीवन को नशा मुक्त, साधनामय, आडंबर मुक्त और गायत्रीमय बनाना हैं स युवाओं से जन्म शताब्दी वर्ष में राष्ट्र निर्माण हेतु अपनी योग्यता व क्षमता को लगाने की अपील की साथ ही नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया। आयोजन को सफल बनाने मे गायत्री परिवार के रमेशचन्द्र मोदी, ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रदीप दुबे, राधा राठौड़, विकास चौहान, हजारीलाल चौहान, सतीश शर्मा, दिलीप पाटीदार, मंजू पटेल, सरिता पाटीदार, श्रद्धा निहाले, राजेंद्र चौधरी, भागीरथ पटेल, भरत चौधरी सहित सैकड़ों परिजनों का विशेष सराहनीय योगदान रहा। वरिष्ठ परिजन राजेंद्र चौधरी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का आभार माना एवं सदैव सहयोग की अपेक्षा की।

कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज का संभागीय अधिवेशन संपन्न

देवास। 4 जनवरी 2026 को देवास के स्थानीय किग जार्ज स्कूल प्रागण में कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज का अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इसमें इन्दौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलो के समाज के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं सरदार पटेल समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष माल्यापर्ण के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथियों का पुष्पाहार के द्वारा सम्मानित करने के साथ स्वागत भाषण का वाचन रूपचन्द सूर्या ने किया। समाज सेवी नवीन नाहर ने अपने सार गर्भित भाषण में देश की उन्नति में कुर्मी पाटीदारो की सहभागिता एवं देश में कुर्मी पाटीदारो संख्या पर प्रकाश डाला तथा समाज का प्रतिनिधित्व शासन में बढ़ाने पर जोर दिया। राजेश पटेल सांस्कृतिक सचिव ने देवास नगर में समाज द्वारा किये गये सामाजिक कार्यो का विस्तार से व्योरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व सांसद एवं मंत्री म.प्र. एवं पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमारिया ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हमारे समाज के सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जब 562 रियासतो को एकत्रित कर देश में अहम भूमिका निभाई तब हम उन्ही के वंशज होने के नाते हम समाज के सभी वर्गो को एकत्रित क्यो नही कर पा रहे है। हमें समाज के सभी वर्गो को जोडने का सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री म.प्र.शासन एवं समाज के प्रान्तीय अध्यक्ष रामखेलावन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा समाज बहुत सम्पन्न है तथा उर्जा से भरा हुआ है, सामुहिक प्रयास किया जावे तो देश में महती भूमिका समाज अदा कर सकता है। गुजरात के स्वजातिय पटेल समूदाय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उनके विश्व व्यापी होने पर उनसे शिक्षा ग्रहण की बात कही। शाजापुर के विधायक अरूण भीमावत ने समाज की प्रशंसा करते हुए देवास के स्वजाति बंधुओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। कार्यक्रम को हीरालाल पाटीदार अध्यक्ष पर्यावरण परिषद भारत, मनोहर पाटीदार संयोजक इन्दौर महानगर, धर्मेश चौधरी विधिसलाहकार कुर्मी समाज भोपाल, जी.एल.पटेल महामंत्री प्रदेश कुर्मी समाज, तेज कुमार गौर अध्यक्ष युवा संगठन सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नंदकिशोर पाटीदार महामंत्री म.प्र. पाटीदार समाज सहित करीब 22 अतिथियों ने अपने उद्बोधन दिए। मुख्य अतिथि द्वारा अलका कनोजिया को दिए गए विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया।

रात होते ही अवैध उत्खलन की लूट शुरू

नावदा सहित कई स्थानों पर हो रहा अवैध उत्खनन, खनिज विभाग पर उठे गंभीर सवाल

जितेन्द्र पुरोहित

देवास। नावदा क्षेत्र में शासकीय भूमि से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। इस सबन्ध में सूत्रों की माने तो नावदा की पहाड़ी पर रात होते ही पॉकलेन मशीन, जेसीबी और कई डंफर पहुंच जाते हैं और पूरी रात अवैध रूप से मुरम निकाली जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह उत्खनन पूरी तरह शासकीय भूमि पर किया जा रहा है, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। बताया गया कि रात भर डंफर और भारी मशीनें बेरोकटोक चलती रहती हैं, जिससे साफ है कि अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों के मुताबिक खनिज विभाग द्वारा पूर्व में एक-दो बार डंपर पकड़ने की कार्रवाई जरूर की गई थी, लेकिन उन मामलों में मामूली जुर्माना लगाकर वाहनों को छोड़ दिया गया। इससे न तो माफियाओं पर कोई असर पड़ा और न ही अवैध उत्खनन पर रोक लग सकी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि खनिज विभाग की ढिलाई या मिलीभगत के चलते ही शासकीय संपत्ति का यह दोहन लगातार जारी है। विभाग की कमजोर कार्रवाई को देखकर उत्खनन करने वालों को यह संदेश मिल गया है कि उन पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा। बताया जा रहा है कि शहर और आसपास के कई इलाकों में इसी तरह अवैध उत्खनन जारी है। इतना ही नहीं, यदि वैध रूप से लीज पर दी गई खदानों की भी गहन जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं।अब बड़ा सवाल यह है कि खनिज विभाग आखिर कब तक आंख मूंदे रहेगा और शासकीय संपत्ति की इस लूट पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

विभाग की पेट पूजा करनी पड़ती है

नाम न छापने की शर्त पर एक खदान मालिक ने बताया कि तय सीमा से अधिक मुरम या गिट्टी निकालने के लिए विभाग की पेट पूजा करनी पड़ती है। विभाग और खदान संचालकों की कथित साठगांठ के चलते ही अवैध उत्खनन फल-फूल रहा है। यदि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है।

देवास में छोटे बड़े तालाब, नदी, डेम वेटलैंड में जल पक्षियों की गणना

देवास। जिले में एशियन वाटरबड्स सेंसस (एशियाई जलपक्षी गणना)-2026 के अंतर्गत जल पक्षियों की गणना 3 और 4 जनवरी 2026 को वन विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य देवास के वेटलैंड्स की स्थिति का आकलन और जलीय पक्षियों की गणना करना है। सिटीजन सांइस पहल के तहत बर्ड वाचर और आम जनता को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था।वन विभाग देवास से एशियाई जलपक्षी जनगणना 2026 के नोडल अधिकारी विकास माहोरे के निर्देशन में गणना के लिए देवास के छोटे बड़े तालाब, नदी ,डेम और बांध के आसपास 45 वेटलैंड वाले स्थानों का चयन किया गया था। गणना में देवास शहर के मीठा तालाब पर नॉब बिल्ड डक जैसी दुर्लभ प्रजाति भी देंखी गई। ऐसे ही देवास जिले में 45 वेटलैंड पर 50 से अधिक अधिक प्रजातियो के लगभग 5000 पक्षियों को देंखा गया। मध्यप्रदेश द्वारा एशियाई जलपक्षी जनगणना 2026 में पहली बार भागीदारी की गई। मध्यप्रदेश द्वारा गणना हेतु सर्वाधिक स्थल चयन कर एवं सर्वाधिक चौक लिस्ट जमा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस सवैक्षण के द्वारा वेटलैंड के संरक्षण और जलीय पक्षियों के संरक्षण हेतु नये कदम उठाए जाएंगे।जनाकारी डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले द्वारा दी गई।

सीएमएचओ ने जांच दल गठित किया

सोनकच्छ डायग्नेस्टिक सेंटर की रिपोर्ट में आई थी भिन्नता

सोनकच्छ । नगर के एक डायग्नेस्टिक सेंटर पर लापरवाही का मामला सामने आया था। जिसके बाद नवभारत ने रिपोर्ट की भिन्नता की खबर 30 दिसंबर 25 को प्रमुखता से प्रकाशन की थी। जानकारी के मुताबिक कनिष्क दुबे ने सोनकच्छ डायग्नेस्टिक सेंटर पर 23 दिसंबर को सोनोग्राफी करवाई थी। एमडी रेडियोलॉजिस्ट डॉ संजय कुमार टेकाम ने रिपोर्ट में युवक को पथरी, अपेंडिक्स व हर्निया की बीमारी बता दी। जिसके बाद युवक को शंका हुई तो उसने 29 दिसंबर को पुन: एडवांस बापना मेडीस्कैन सेंटर देवास के यहां पुन: सोनोग्राफी करवाई। जिसमें युवक स्वस्थ बताया गया। इस बात की शिकायत करने युवक वहां पहुंचा तो डॉक्टर ने बहसबाजी की। इस बात की शिकायत एसडीएम प्रिया चंद्रावत को मिली तब उन्होंने डॉक्टर आदर्श नानेरिया को भेजा।

नानेरिया ने प्रतिवेदन बनाकर सीएमएचओ को बनाकर भेजा। सीएमएचओ ने सोमवार को जांच समिति गठित कर दी है। टीम जल्द ही उक्त लापरवाही करने वाले सेंटर का निरीक्षण करेगी।

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, फर्जी दावों और बिना अनुमति इलाज पर शिकंजा

डॉ. वंदना दुबे के क्लीनिक व ग्राम लोहारी के फिजियोथैरेपी सेंटर का औचक निरीक्षण

देवास। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग देवास की टीम द्वारा सोमवार को देवास शहरी क्षेत्र एवं ग्राम लोहारी में संचालित क्लीनिक एवं फिजियोथैरेपी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर ने बताया कि ग्राम लोहारी में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर कृति यादव के नाम से पाया गया, किंतु निरीक्षण के दौरान वे मौके पर उपस्थित नहीं थीं। सेंटर पर फिजियोथैरेपिस्ट रीना देवड़ा उपस्थित मिलीं, जिनके पास फिजियोथैरेपी की डिग्री तो है, लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उनका पंजीयन नहीं पाया गया।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सेंटर द्वारा दबी हुई नसों के संपूर्ण इलाज संबंधी भ्रामक विज्ञापन किए जा रहे हैं तथा बिना किसी चिकित्सकीय परामर्श के मरीजों को सीधे फिजियोथैरेपी उपचार दिया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है।

टीम को यह भी जानकारी मिली कि ग्राम लोहारी में डॉ. आई.पी. पटेल द्वारा एमसीआई परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना एमबीबीएस की नाम पट्टिका लगाकर इलाज किया जा रहा है। वहीं, डॉ. विवेक सिंह भदौरिया (बी.ए.एम.एस.) भी बिना सीएमएचओ कार्यालय में पंजीयन के सेवाएं देते पाए गए। निरीक्षण में एलोपैथी पद्धति से इलाज किए जाने के साथ-साथ विभिन्न एलोपैथी दवाइयां, एंटीबायोटिक एवं इंजेक्शन भी पाए गए, जबकि संबंधित केंद्र को एलोपैथी चिकित्सा की अनुमति नहीं है। मौके पर मरीजों का कोई रिकॉर्ड अथवा रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं था। परिसर में एक मेडिकल स्टोर संचालित पाया गया।टीम द्वारा संबंधित संचालकों को दो दिवस के भीतर समस्त दस्तावेज एवं रिकॉर्ड के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में पालन नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त देवास शहर में डॉ. वंदना दुबे के क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मरीजों द्वारा बताया गया कि उपचार होम्योपैथी पद्धति से किया गया है, किंतु क्लीनिक में मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं का पृथक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। उन्हें भी दो दिवस के भीतर रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण दल में जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्रीमती श्रुति गौर तोमर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज के नेरेटिव वार में युवाओं को अध्ययनशील और तर्कनिष्ठ होना आवश्यक : सिंह

यंग थिंकर्स फोरम, देवास चैप्टर द्वारा बॉन फायर डिस्कशन का आयोजन

देवास। शहर के एक निजी फार्म हाउस में रविवार रात्रि यंग थिंकर्स फोरम, देवास चेप्टर द्वारा भारत बोध एवं युवाओं से जुड़े विषयों पर बॉन फायर डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विचारवान युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का प्रथम सत्र यंग थिंकर्स फोरम के मालवा प्रांत संयोजक यश भार्गव ने लिया। उन्होंने भविष्य का भारत और युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक है और उन्हें वैचारिक रूप से सशक्त होना होगा। इसके पश्चात एक अनौपचारिक ओपन माइक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने गीत, कविताएं एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। समापन सत्र में यंग थिंकर्स फोरम के निदेशक आशुतोष सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फोरम की स्थापना की परिकल्पना को साझा करते हुए कहा कि यंग थिंकर्स फोरम का उद्देश्य युवाओं में ज्ञानवर्धन और भ्रम-निवारण करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कुछ भी न्यूट्रल नहीं है, ऐसे में युवाओं को नेरेटिव वार में अध्ययनशील और तर्कनिष्ठ होना अत्यंत आवश्यक है, तभी वे ब्रेनवॉश से बच सकते हैं। इस सत्र में ठाकुर ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। परिचर्चा का संचालन जिला सह संयोजक अदिति भट्ट ने किया। यंग थिंकर्स फोरम के जिला संयोजक सोमेश उपाध्याय ने बताया कि फोरम की गतिविधियां सभी युवाओं के लिए खुली हैं।

देवास जिले में देवास एवं बागली- दोनों स्थानों पर फोरम की मासिक एवं पाक्षिक गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित होती हैं,जिसमें मुख्य रूप से पुस्तक परिचर्चा,हेरिटेज वॉक,राउंड टेबल डिस्कसन, व्हायटीएफ वार्ता आदि गतिविधियां होती है जिनमें सभी विचारशील युवा जुड़ सकते हैं।युवाओं को पुस्तक अध्ययन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यंग थिंकर्स फोरम द्वारा साप्ताहिक एवं. मासिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यंग थिंकर्स फोरम - चिंतनशील युवाओं का ऐसा समूह - है जहां स्वाध्याय, चिंतन, मनन, संवाद के लिए मंच प्रदान किया जाता है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के युवाओं ने भाग लिया।वरिष्ठ समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, आभार अनुभव शुक्ला ने माना।

के डी वी मिशन के तहत सदगुरु कबीर सत्संग समारोह एवं पौधा वितरण

टोंक खुर्द। पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सदगुरु कबीर धर्मदास सेवा आश्रम ग्राम पाडल्या तहसील टोंकखुर्द जिला देवास मध्य प्रदेश पर सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन के डी वी मिशन जिला देवास एवम् आमीन माता महिला मंडल के तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ सत्य नाम धुन के साथ हुआ सत्य नाम धुन के भजन डॉ,सतीश मालवीय,सुरेश गोदेन,तेजूलाल सर, मदन लाल सोलंकी की मण्डली के द्वारा सुनाया गये। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे आश्रम पर निशान पूजा महंत बालकदास साहब के सानिध्य मे की गई । सुबह 11बजे से के डी वी मिशन की बैठक आयोजित की गई बैठक मे के डी वी मिशन के जिला प्रतिनिधि नंदकिशोर मालवीय,उप प्रतिनिधि गब्बर मालवीय,युवा प्रतिनिधि मोहन परिहार,परोपकार प्रतिनिधि भंवरलाल सरपंच सा.महिला प्रतिनिधि आशा धन्नादास कबीर पंथी,आरती लोधी जिला सलहाकार प्रतिनिधि महंत बालकदास साहब ने संबोधित किया। और बताया कि आगामी 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पंथ श्री हुजूर उदित नाम साहेब के चादर तिलक के शुभ अवसर पर हम सभी देवास जिले के प्रत्येक कबीर पंथी एवं के डी वी मिशन के प्रत्येक प्रतिनिधि को 23 जनवरी को एक एक पौधा अपने अपने निवास स्थान पर अवश्य लगाए और पौधे की देखभाल अपने परिवार की तरह की जाए के डी वी मिशन देवास की ओर से आश्रम पर नि:शुल्क फलदार पौधें वितरित किए गए।

सुंन्दैल मंडल का हिंदू सम्मेलन 22 जनवरी को

देवास। 22 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर के भूमि पूजन किया एवं भगवा ध्वज लगाया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर विभिन्न कार्यों हेतु समितियो का गठन किया एवं स्वयंसेवकों को क्रमवार सोपी हिंदू सम्मेलन के लिए सुन्दैल मंडल के अंतर्गत आने वाले 10 ग्रामों के सभी स्वयंसेवकों को अलग-अलग व्यवस्था हेतु टोली प्रमुख बनाया गया इस हिंदू सम्मेलन में सुन्दैल मंडल के अंतर्गत आने वाले सकल हिंदू समाज के लोग आमंत्रित रहेंगे एवं क्षेत्र के सभी संत भी आमंत्रित रहेंगे भुमि पुजन स्थान पटाक कृषि फार्म बिजवाड कांटाफोड़ मुख्य मार्ग पर स्थित ह

हिंदू सम्मेलन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

भौरासा। भौरासा नगर मे संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन के आयोजन किया जा रहे हैं बताया जा रहा है कि नगर में जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजीत किया जाना है,होने वाले हिन्दू संगम के अंतर्गत पहले बौद्धिक कार्यक्रम होंगे इसमें महिलाएं बच्चे भी भाग लेंगे इसके बाद सह भोज होगा संगठन की शक्ति और संकल्प का अनुपम दृश्य हिंदू संगम का देखने को मिलेगा बाबा भोलेनाथ की नगरी भौरासा मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा इस कार्यक्रम को लेकर के कार्यकर्ताओं की उत्साह जनक उपस्थिति ने नव ऊर्जा संचार किया, कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण प्रेरक ओर भेवु पक्ष माता बहनों की गरिमा में मैं उपस्थित की रहेगी इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति शक्ति द्वारा प्रत्येक नगर के मोहल्लों कॉलोनी में हिंदू हिंदू परिवारों के घर में पीले चावल देकर निमंत्रण दिए जा रहे है , वही आयोजन स्थल तय किये जा चुके हैं संघ के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर आयोजन समिति दो से तीन माह से इसकी तैयारी मे लगे है लगातार बैठके चल रही है सम्मेलन के पूर्व ही नगर में हिंदुत्वमय वातावरण बनने लगा है, वही हिन्दू संगम कार्यक्रम सहभोज सम्मेलन को भव्यता प्रदान करने घर घर पत्रक भी वितरण किये जा रहे हैं।

एक नजर — रात्रि में बेसहारा लोगों को निगम के वाहन से आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जाएगा

शीतलहर की दृष्टि से उपायुक्त ने मध्यरात्रि में शहर के आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

देवास। तापमान में लगातार आ रही गिरावट एवं शीतलहर की स्थिति को देखते हुए नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने 4 जनवरी रविवार की मध्यरात्रि में शहर के तीनों आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया जाकर जिला चिकित्सालय से 7 और बस स्टैंड से 2 जरूरतमंद लोगों को निगम के वाहन से रैन बसेरे में पहुंचाया। इस दौरान आश्रय स्थलों में रह रहे जरूरतमंद एवं बेघर व्यक्तियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा भी लिया। निगम स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के हरेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त श्री जाफरी ने भोलेनाथ रोड, साईं मंदिर, उज्जैन रोड इटावा बस स्टेण्ड आश्रय स्थल का मध्यरात्रि टीम नगर निगम के एन. यू.एल. एम. विभाग के सिटी मिशन मैनेजर विशाल जगताप, आश्रय स्थल के प्रभारी जितेंद्र मेहता और हेमंत श्रीवास सहित अन्य कर्मचारीयों के साथ निरीक्षण किया साथ ही

त्वरित कार्रवाई करते हुए महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर और ए.बी.रोड स्थित बस स्टैंड परिसर का भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की पहल की। नगर निगम की टीम ने खुले स्थान पर सो रहे लोगों को समझाइश दी कि शासन द्वारा की गई आश्रय स्थल की सुविधा का लाभ लेवे। बस स्टैंड परिसर से ग्राम हाटपिपल्या जाने वाले एक आदिवासी दंपति किसन को बच्चे सहित और जिला चिकित्सालय से लक्ष्मण मौर्य, रामनिवास अखंड, खातेगांव के रामविलास, रमेश लोधी और सलमान को आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया। उपायुक्त श्री जाफरी ने आश्रय स्थलों में उपलब्ध कंबल, बिस्तर, गर्म पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में सोने के लिए मजबूर न हो, यह सुनिश्चित करे। आश्रय स्थलों में नियमित निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाए।